# ब्रांड एंबेसडरों ने ठाना, शहर को स्वच्छता में नंबर 1 बनाना

**दिव्यानंद अर्गल**
**ग्वालियर, 1 अप्रैल।** मध्यप्रदेश की संगीतधानी और तानसेन की नगरी ग्वालियर अब स्वच्छता के मामले में इंदौर की राह पर चल पड़ी है। शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश के शीर्ष पायदान पर लाने के लिए नगर निगम ने कमर कस ली है।

स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत इस बार नगर निगम ने रणनीति बदलते हुए राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हस्तियों को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। हालांकि ब्रांड एंबेसडर पहले भी बनाए जाते रहे हैं, लेकिन इस बार का चयन काफी प्रभावी है। इन हस्तियों में कला, खेल और सामाजिक क्षेत्र के वे बड़े नाम शामिल हैं जिनका ग्वालियर से गहरा नाता है। सभी ब्रांड एंबेसडर्स ने संकल्प लिया है कि वे अपनी लोकप्रियता और प्रभाव के जरिए ग्वालियर के हर नागरिक को स्वच्छता के इस युद्ध से जोड़ेंगे। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि स्वच्छता केवल एक दिन का काम नहीं बल्कि एक आदत है। इंदौर ने अगर सालों तक नंबर-1 का स्थान बनाए रखा है, तो उसके पीछे वहां की जनता की जिद है।

**शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश के शीर्ष पायदान पर लाने के लिए नगर निगम ने कमर कसी**

ग्वालियर भी अब उसी इंदौर मॉडल को अपना रहा है। गौरतलब है कि आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करने के लिए चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के लिये स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाये गये हैं, जिसमें निगम ग्वालियर द्वारा 8 स्वच्छता का ब्रांड एम्बेसडर बनाये गए।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर निगम ग्वालियर द्वारा ग्वालियर शहर के नागरिकों में स्वच्छता की अलख जगाने के लिए प्रख्यात संतूर वादक पद्म विभूषण उस्ताद अमजद अली खान, अंतर्राष्ट्रीय पैरा तैराक पद्मश्री सतेन्द्र सिंह लोहिया, वॉटर वूमन सावित्री श्रीवास्तव, चैम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, कैट के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, वॉटर वूमन सावित्री श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. प्रियमवदा भसीन, समाजसेवी पवन दीक्षित एवं बाल गायक कलाकार करिश्नी सिंह को स्वच्छता का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है।

### देश का सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहर बनेगा ग्वालियर



स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत मुझे ग्वालियर शहर का स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। यह मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। हम सब मिलकर अपने ग्वालियर को स्वच्छता के क्षेत्र में देश का सर्वश्रेष्ठ शहर बनाने का संकल्प लेंगे, स्वच्छ जगह में हमारा मन भी स्वच्छ रहता है यह भारत सरकार का अभियान नहीं बल्कि यह हमारी खुद की नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने आसपास की जगह को स्वच्छ रखेंगे तो ग्वालियर भी स्वच्छ रहेगा, वालियर शहर एक स्वच्छ शहर के रूप में जाना जाए इसके लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखेंगे।

**- सतेन्द्र लोहिया, पद्मश्री, अंतर्राष्ट्रीय पैरा स्विमर**

### स्वच्छता केवल निगम की नहीं, हर ग्वालियर वासी की जिम्मेदारी



मुझे ग्वालियर नगर निगम के द्वारा ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है तो मेरी यही प्राथमिकता रहेगी कि सबसे पहले व्यापारियों, नागरिकों सभी छात्रों एवं विभिन्न लोंगो के साथ एक जन चौपाल लगाकर स्वच्छता का संदेश देंगे एवं हर वर्ग के लोगों के पास जाकर जन जागरण के माध्यम से ग्वालियर को स्वच्छता में पूरे देश में प्रथम लाने के लिए कार्य करेंगे. ग्वालियर को स्वच्छ बनाना केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर ग्वालियर वासी का कर्तव्य है। और इस कर्तव्य को हम सब मिलकर पूर्ण करेंगे। ग्वालियर को स्वच्छता के मामले में अव्वल लाकर रहेंगे।

**- भूपेंद्र जैन, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, कैट**

### स्वच्छ ग्वालियर, समृद्ध ग्वालियर : चेंबर ऑफ कॉमर्स ने संभाली स्वच्छता की कमान



नगर निगम ग्वालियर में चैंबर्स कॉमर्स से मुझे ब्रांड एंबेसडर बनाया है मुख्यत: मेरी सभी व्यापारी वर्ग से यही अपील रहेगी की ग्वालियर को स्वच्छता में अव्वल लाने के लिए पूरा व्यापारी वर्ग सहयोग करेगा और व्यापारी एवं नगर निगम के बीच एक बैठक करेंगे जिसमें यह रणनीति बनाएंगे की ग्वालियर हमेशा स्वच्छ रहे, और सभी व्यापारियों से भी आग्रह करेंगे कि अपने प्रतिष्ठानों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। स्वच्छता में ग्वालियर अपनी पुरानी रैंकिंग को सुधारकर इतिहास रचने की तैयारी में है।

**- प्रवीण अग्रवाल, अध्यक्ष मप्र चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**

### इंदौर को पीछे छोड़ अब स्वच्छता में नंबर 1 बनेगा ग्वालियर



सबसे पहले साधुवाद देती हूं कि मुझे स्वच्छता का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया, अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता का होना बहुत जरूरी है, ग्वालियर ऐतिहासिक नगरी रही है, अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता का होना बहुत जरूरी है, एक अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता का होना बहुत जरूरी है वह दिन दूर नहीं अब कि इंदौर की जगह पूरे भारत में ग्वालियर का नाम स्वच्छता के मामले में जाना जाएगा, डॉक्टर होने के नाते यही कहना चाहती हूं कि स्वछता हमारे लिए बेहद जरूरी है गंदगी के वजह से डेंगू,मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां और कई सारे इंफेक्शन होते हैं, इसलिए हम सबने मिलकर संकल्प लिया है, कि ग्वालियर को स्वच्छ बनाने के लिए हर स्तर पर कार्य करेंगे।

**- डॉ. प्रियमवदा भसीन, वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ**



## तिलक लगाकर किया स्वागत, दी किताबें

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 1 अप्रैल।** स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत आज 1 अप्रैल से हुई। स्कूल के शिक्षकों ने छात्रों का तिलक लगाकर स्कूल में प्रवेश कराया। स्कूल चलो अभियान के तहत 4 अप्रैल तक स्कूलों में हर दिन अलग-अलग गतिविधियां होंगी। इसमें विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों को भी शामिल होने का मौका मिलेगा।

पहले दिन आज बुधवार को प्रवेशोत्सव से शुरुआत हुई। इस दौरान विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तकें भी दी जा रही हैं। स्कूलों के शिक्षक हर विद्यार्थी का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत कर रहे हैं।

**चार तक रोज होंगे कार्यक्रम :** ग्वालियर में इस बार पहली कक्षा में ही करीब 7 हजार से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश दिए गए हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पहली से आठवीं तक सभी शालाओं में बालसभा हुई। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। दूसरे दिन बुधवार को भविष्य से भेंट कार्यक्रम होगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों को प्रेरक की भूमिका में स्कूल में आमंत्रित किया गया है। वे बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियां सुनाएंगे। आने वाले दिनों में शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियां होंगी।

**बच्चों को दी जाएगी समझाइश :** जो छात्र इस साल परीक्षाओं में असफल हो गए हैं उनके लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिए काउंसलिंग कर समझाया जाएगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है।

## नकल के विरोध में कुलसचिव की नेमप्लेट पर पोती कालिख



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 1 अप्रैल।** एनएसयूआई ने जीवाजी विश्वविद्यालय में परीक्षा केंद्रों पर कथित नकल और भ्रष्टाचार के विरोध में बुधवार को उग्र प्रदर्शन किया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए सामूहिक नकल के वीडियो के बाद आक्रोशित छात्र विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष पवन शर्मा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही और संरक्षण के चलते शासकीय मॉडल उमावि पहाड़गढ़ एवं शासकीय कन्या उमावि कैलारस जैसे परीक्षा केंद्रों पर नकल माफिया सक्रिय है, जिससे मेधावी छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय हो रहा है।

**पहाड़गडढ़ और कैलारस में स्कूलों को सेंटर बनाए जाने का विरोध बढ़ा**

विरोध के दौरान कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशा कुमारी वर्मा एवं गोपनीय विभाग के सहायक कुलसचिव अमित सिसोदिया की नेम प्लेट पर कालिख पोत दी और विश्वविद्यालय के मुख्य गेट से लेकर कई दीवारों पर भ्रष्ट कुलगुरु लिख दिया। प्रदर्शन के दौरान स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई, जब गुस्साए छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया, हालांकि बाद में चाबी छोड़कर चले गए। छात्रों ने चेतावनी दी कि जब तक दोषी परीक्षा केंद्रों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव कृष्णराज भारद्वाज, विश्वविद्यालय अध्यक्ष पारस यादव, शैंकी राणा, मोहित भदौरिया, शुभम राजोरिया और आर्यन तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**ये है मांगें :** एनएसयूआई ने मांग की है कि वायरल वीडियो की जांच कर दोनों परीक्षा केंद्रों को खत्म जाए, लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ जांच कमेटी गठित कर उन्हें निलंबित किया जाए और भविष्य की परीक्षाओं में पारदर्शी एवं कड़ी निगरानी व्यवस्था लागू की जाए।

**इनका कहना है...**

जीवाजी विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार निजी महाविद्यालयों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है। सेंटर निर्धारण समिति ने पूरी पारदर्शिता के साथ काम किया है। नकल रोकने के लिए केंद्राध्यक्ष बदल दिए गए हैं, और विशेष उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। कुछ छात्र अंतिम तिथि के बाद परीक्षा फॉर्म भरने की मांग कर रहे थे, हमने बता दिया है कि कार्यपरिषद के आदेश का पालन करना हम सबकी जिम्मेदारी है। हालांकि इस बार की कार्यपरिषद में प्रस्ताव रखकर प्रयास करेंगे कि छात्रों को दो दिन का और लाभ मिल जाए।

**- राजीव मिश्रा, कुलसचिव जीवाजी विवि**










# हनुमान जनमोत्स्व आज, रात भर हुए अभिषेक

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 1 अप्रैल।** अष्ट सिद्धि, नौ निधि के दाता 11 रुद्रावतार चिरंजीवी हनुमान जी का प्राकट्योत्सव आज धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में धार्मिक आयोजन शुरू हो गए है। मंदिरों में हनुमान जी का प्राकट्योत्सव मनाने की तैयारियां एक हफ्ते से शुरू हो गईं थीं। वहीं शहर के कई हनुमान मंदिरों में अखंड रामायण के पाठ कल से ही शुरू हो गए हैं। आज गुरुवार को सुंदरकांड करने के लिए भक्तों को मंदिरों में अब जगह नहीं मिल पा रही है। सुंदरकांड के लिए सभी मंदिर फुल हो चुके हैं। मंदिरों में हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाने के लिए रंगाई-पुताई करवाकर साथ ही आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटिंग लगाई गई हैं। आज बड़ी संख्या में मंदिरों और अन्य स्थानों पर भंडारे दोपहर में आयोजित किए जाएंगे। पवनसुत के भक्त उनका जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी कर चुके थे। वहीं मंदिरों में भी प्रसादी बनाने का काम कल बुधवार से ही शुरू कर दिया गया था। आज हनुमान जन्मोत्सव पर कई स्थानों पर शोभायात्रा भी निकाली जाएंगी। कई मंदिर समितियों द्वारा बाहर के कलाकारों को भी धार्मिक कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया गया है। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में कल रात से ही धार्मिक आयोजन होने लगे हैं। इस दौरान मंदिरों के आसपास बड़ी संख्या में अस्थायी प्रसाद की दुकानें सजाई गईं हैं।

**मंदिरों में शुरू हुए अखंड रामायण पाठ, बजने लगे ढोल-मंजीरे, होंगे भंडारे**






**सुबह 5:30 बजे विशेष आरती:** पड़ाव स्थित सिद्ध मंशा पूर्ण हनुमान मंदिर मे हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा हैं। मंदिर में विशेष सजावट की गई है। 5:30 बजे भगवान हनुमान के जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष आरती की गई। इसके पश्चात सुबह 8 बजे, दोपहर 12 बजे और शाम 7 बजे महाआरती होगी। इस अवसर पर मंदिर में फूल बंगला सजाया गया। साथ ही भगवान को 56 भोग अर्पित किए गए एवं इत्र वर्षा भी हो रही है। दोनों फ्लाइओवर पर भगवा ध्वजा लहरा रहे हैं।

**श्रद्धालुओं के लिए बिछा कार्पेट :** मंदिर परिसर से लेकर बाहर स्थित होटल तक पूरे मार्ग में कार्पेट बिछाया गया है, ताकि गर्मी के कारण श्रद्धालुओं के पैरों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त ठंडे पानी के टैंकरों की भी व्यवस्था की गई है। मंदिर के बाहर बड़ी स्क्रीन लगाकरह्व भगवान के लाइव दर्शन हो रहे है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी लाइव प्रसारण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि ब्रह्मलीन महंत पंडित गोपाल दुबे द्वारा मंदिर पर 8 अप्रैल 1997 से श्री रामचरितमानस पाठ प्रारंभ किया गया था जो कि आज भी जारी है।



**मंदिरों पर पुलिस के पुख्ता इंतजाम**

हनुमान जयंती को लेकर जिले भर में पुलिस अलर्ट मोड पर है शहर के सभी छोटे बड़े मंदिरों में पुलिस अपनी नजर बनाए हुए है अगर कोई संदेही व्यक्ति दिखाई देता है तो उसे तुरंत थाने ले जाकर पूंछतांछ की जाएगी।

### नगर के हनुमान मंदिरों के महंतों ने नवभारत को बताया...

**रविन्द्र सिंह चौहान**

गोलपाड़ा स्थित बालाजी सरकार मंदिर में हनुमान जयंती पर कार्यक्रमों का शुभारंभ रामायण पाठ से हुआ। मंगलवार को ही सुबह 10 बजे रामायण पाठ शुरू हो गया है। हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर में धार्मिक आयोजनों की लंबी श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

**-जगवीर दास, चरण सेवक-हनुमान मंदिर गोलपाड़ा**

हनुमान जन्मोत्सव पर श्री ताल वाले हनुमान जी मंदिर पर प्रजापति हितकारिणी महासभा द्वारा हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया इस अवसर पर फूल बंगला सजाया गया और छप्पन भोग लगाए जाएंगे। मंदिर में बुधवार से ही अखण्ड रामायण पाठ का शुभारंभ हो गया है। आज गुरुवार को महाआरती एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

**- पुजारी-ताल वाले हनुमान जी**



मंशापूर्ण मंदिर में महाबली हनुमान जी के जन्मोत्स्व की तैयारियां पूरी हो गईं हैं। रात को बाबा का श्रृंगार किया जाएगा मंदिर में फूलबंगला सजाया गया है। छप्पन भोग भी लगाए गए हैं। आकर्षक विद्युत सजावट के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया है

**- कृष्णा गोपाल दुबे**
**पुजारी- मंशापूर्ण मंदिर**



खेड़ापति मंदिर के पूरे परिसर में फूलबंगला और फल लगाकर सजावट की गई है। भंडारे की प्रसादी तैयार की गई है। बनारस से आये 11 विद्वानों द्वारा अभिषेक हो रहा है। इसके साथ 56 भोग भी लगाए गए हैं एवं महंत पं.पदम शर्मा, पं.आचार्य स्पर्श मिश्र, पं.अभिषेक गोस्वामी, पं. देवदत्त शर्मा, पं.अनुराग बोहरे एवं पं.धीरेन्द्र दुबे द्वारा श्री खेड़ापति हनुमान जी का नमक चमक अभिषेक सम्पन्न कराया गया।

**- पदम शर्मा (टिंकू महाराज)**
**पुजारी-खेड़ापति मंदिर**

**बृहत्तर माहेश्वरी महिला मंडल**

## 'एक शाम हनुमानजी के नाम' कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 1 अप्रैल।** बृहत्तर महेश्वरी महिला मंडल की बहनों ने आज एक शाम हनुमान के नाम कार्यक्रम हनुमान जयंती की पूर्व संध्या पर धूमधाम से आयोजित किया। जिसमें सौ बहनों ने सुंदरकांड बड़े भक्ति भाव के साथ श्रवण किया।

विश्लेषण अनुवादित पंडित अंकित शर्मा के मुख से संगीतमय अद्भुत, भक्ति भाव हनुमान जी की गाथा का गायन किया। साथ ही जीवन के सुख-शांति के सिद्धांतों को समझाया। हनुमान जी के आदर्शों को सिखलाया। इस अवसर पर संस्था की वरिष्ठ बहनें, भूतपूर्व अध्यक्ष शांता सिंह, वीना, राठी, पुष्पा नागौरी, डॉ. कला जाजू, डॉ. प्रियदर्शनी नागोरी, प्रदेश प्रकल्प प्रखर रेणु झवर, वर्तमान अध्यक्ष डॉ. ऐश्वर्या माहेश्वरी, सचिव रिद्धि परवाल, कोषाध्यक्ष तृप्ति नागोरी, सह सचिव पूनम सोमानी, उपाध्यक्ष निरुपमा मालपानी आदि बहनों ने इस कार्यक्रम को सुंदर मनोरम बनाया।





## तीन दिन पहले बांट दिया फिजिक्स का पेपर, जेयू ने की परीक्षा निरस्त

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 1 अप्रैल।** जीवाजी विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में चल रही स्नातक परीक्षाओं के बीच गंभीर लापरवाही सामने आई है। बीएससी तृतीय वर्ष की परीक्षा के दिन शासकीय महाविद्यालय आरोन में 4 अप्रैल को होने वाला फिजिक्स का प्रश्नपत्र बुधवार को ही खोल दिया गया। सुबह की पाली में मेजर सब्जेक्ट-1, ग्रुप ए: फिजिक्स (क्वांटम, एटोमिक एंड मॉलिक्यूलर फिजिक्स) का पेपर छात्रों को बांट दिया गया। गलत पेपर मिलने पर विद्यार्थियों ने विरोध जताया, जिसके बाद मामला प्राचार्य के संज्ञान में आया। प्राचार्य ने उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर घटना की जानकारी दी। प्रारंभिक जांच में अधीक्षक डॉ. शीमा कुरैशी को जिम्मेदार मानते हुए उन्हें पद से हटा दिया गया है। वहीं अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा प्रो. कुमार रत्नम ने मामले में प्रतिवेदन तलब कर अधीक्षक बदल दिया है।

**प्राचार्य ने अधीक्षक को हटाया, उच्च शिक्षा विभाग को दी जानकारी**

## कम रेट का मामला, पुलिस ने लाखों रुपए कीमत की शराब पकड़ी

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 1 अप्रैल।** 31 मार्च को शराब दुकानों के मालिकों ने रेट क्या कम किए, खरीदारों की लाइन उमड़ पड़ी। सुरा प्रेमियों ने आज सस्ती और कल महंगी होगी वाला फार्मूला याद किया तो पेटी की पेटी खरीद लीं। दूसरी तरफ पुलिस शराब दुकानों पर नजर गड़ाए बैठी थी और जिसने जरूरत से ज्यादा और नियमों के विपरीत जाकर खरीदारी की, उसे दबोच कर थाने ले आई। शराब व वाहन जब्त करने के साथ पुलिस ने खरीदारों को नोटिस देकर छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार एक लाख रुपए से ज्यादा की शराब जब्त की गई है। वहीं लाखों रुपए की गाड़ियां व मोबाइल थाने में रखवा लिए हैं। अमित राजपूत निवासी एचडीएफसी बैंक के पास दाल बाजार अपने दोस्त अभिषेक झा निवासी लोहिया बाजार कार से मुरार थाने के ठीक बगल से गली में दुकान से शराब खरीदने पहुंचे थे। सस्ती शराब मिल रही थी, इसलिए अमित और अभिषेक ने किंगफिशर बीयर की केन की एक-दो नहीं बल्कि 18 पेटी खरीद लीं।

गली से निकले ही थे कि पुलिस ने कार रोक ली और तलाशी ली। कार में बीयर की केन की पेटियां भरी हुई थीं, जो आबकारी नियमों से कहीं अधिक थी, इसलिए पुलिस ने कार और बीयर की पेटियां जब्त कर लीं। अमित व अभिषेक को नोटिस देकर जाने दिया। वहीं मुखर्जी नगर मुरार में रहने वाला राहुल सिंह लोधी एक्टिवा से बीयर की 2 पेटी लेकर जा रहा था। राहुल ने भी पुलिस थाने के बगल वाली दुकान से बीयर खरीदी थीं, इसलिए पुलिस की नजरों से बच नहीं सका। मुरार थाना पुलिस ने कुल 60 हजार रुपए की शराब जब्त की।

### कार से मिलीं अंग्रेजी शराब की बोतलें

अलकापुरी तिराहे पर देर रात पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी एक कार आती हुई दिखी। कार रोकी और उसके अंदर पुलिसकर्मियों ने झांका तो सीट पर अंग्रेजी शराब की महंगी बोतलें रखी हुई थीं। कुल 12 बोतल कार से मिली। पुलिस ने कार चला रहे हेमेन्द्र सिंह राजपूत निवासी गोसपुरा को पकड़ा और थाने ले आई।

## आज मंगल का मीन राशि में प्रवेश

- स्वास्थ्य क्षेत्र में उथल-पुथल- मेडिकल और फार्मा सेक्टर में बड़े बदलाव या विवाद सामने आ सकते हैं.
- मौसम का मिजाज बिगड़ेगा- अचानक बारिश, बाढ़ या गर्मी के बाद तूफान जैसी स्थितियां बन सकती हैं.
- राजनीतिक टकराव- पुराने सिस्टम और नई ताकतों के बीच टकराव तेज होगा.
- तेल और केमिकल बाजार में उतार-चढ़ाव- कीमतों में अचानक बदलाव संभव है.

यह गोचर जीवन में संघर्ष और अवसर दोनों लाएगा. जो धैर्य और समझदारी से काम लेगा, वही इस 'आग और पानी' के संगम से शक्ति हासिल करेगा.

**पेज एक का शेष**

## स्कूलों में नामांकन 19 .6% बढ़ा

जो देश में सबसे अच्छे स्कूल हैं. मप्र के सांदीपनि विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं. पीएमश्री स्कूल भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में महती भूमिका निभा रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विद्यार्थियों ने साईकिलों की घंटियां बजाकर किया अभिवादन: मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर विद्यार्थियों ने साइकिल की घंटियां बजाकर और स्काउट गाइड दल ने वाद्य यंत्रों पर सुमधुर धुनों के साथ उनका स्वागत और अभिवादन किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में शामिल विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अटल टिंकलिंग लैब, रोबोटिक लैब, व्यावसायिक शिक्षा और आईसीटी लैब के स्टॉल का अवलोकन किया. इस अवसर पर स्कूल चले हम अभियान पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ नि:शुल्क साइकिल प्राप्त करने वाले स्कूली बच्चों का ग्रुप फोटो भी लिया गया. तीन-चार माह में 4 लाख बच्चों को मिलेंगी साइकिलें: मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्कूल चले हम अभियान बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है. प्रदेश के सभी 55 जिलों के प्रत्येक गांव का एक-एक बच्चा स्कूल में प्रवेश ले रहा है. स्कूल शिक्षा विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95